

वर्षा से कृषि और उद्यान में होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में बैठक करते हुए कृषि मंत्री।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यालय खुले, अधिकारियों व कर्मचारियों को थर्मल स्क्रीनिंग से गुजरना पड़ा

**संवाददाता** देहरादून। लंबे समय के अंतराल के बाद में राजधानी के साथ ही साथ प्रदेश भर में कार्यालय सुबह दस बजे से सांय चार बजे तक खोल दिये गये। कार्यालयों में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का थर्मल स्क्रीनिंग के माध्यम से चैक कर प्रवेश करने दिया जा रहा है। नगर निगम में एक कार्यक्रम के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री डा. हरक सिंह रावत व उनके सुरक्षाकर्मी व चालक को भी थर्मल स्क्रीनिंग से गुजरना और उसके बाद उन्होंने मेडिकल किट का वितरण किया। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा आदि उपस्थित थे।

### जीवन रक्षक ओएचपी फेस शील्ड मास्क की सीएम ने की प्रशंसा

**संवाददाता** देहरादून। गुरमत केंद्र के तत्वावधान में चलाए जा रहे फ्री स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा बनाए जा रहे जीवन रक्षक ओएचपी फेस शील्ड मास्क की मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भूरी–भूरी प्रशंसा की व प्रमाण पत्र देकर स. हरपाल सिंह सेठी की हौंसला अफजाई की। स. हरपाल सिंह सेठी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गुरु मत केंद्र द्वारा उत्पादित ओएचपी फेस सील्ड मास्क राज्य के कोविड–19 अस्पतालों में सेवा कर रहे कोरोना वारियर्स डॉक्टर, नर्सेस स्टाफ को निःशुल्क प्रदान कर रहे हैं जो उनको संक्रमण से बचाएगी जोकि एक बहुत बड़ा योगदान है।

### जरूरतमंदों को 2150 भोजन के पैकेट बांटे

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा दुःख निवारण नेहरू कॉलोनी की प्रबंधक कमेटी ने जरूरतमंदों को 2150 भोजन के पैकेट बांटे जिसमें 1200 संगत को 600 पैकेट नेहरू कॉलोनी थाना एवं 350 पैकेट रायपुर थाना को बांटने के लिए दिए गये। इस अवसर पर गुरुद्वारा अध्यक्ष अरविंद रतरा एवं महासचिव रणजीत सिंह ने बताया कि प्रतिदिन करीब 2000 जरूरत मंद लंगर ग्रहण कर रहे हैं। सेवा का कार्य लगातार 23 मार्च से चल रहा है।

### हाथ से बनाए मॉस्क गरीब लोगों को किए वितरित

**संवाददाता** देहरादून। अंबेडकर नगर मंडल के तत्वावधान में हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज स्कूल में अंबेडकर मंडल महिला मोर्चा द्वारा हाथ से बनाए हुए मॉस्क गरीब लोगों को वितरित किए गए। इस अवसर पर राजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विधायक खजान दास मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अंबेडकर नगर मंडल सामाजिक सेवा का कार्य करता आ रहा है इसी प्रकार से भाजपा की महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अभी भी मॉस्क बनाने पर जुटे हुए हैं।

## कृषि और उद्यान में लगभग 26 करोड़ 34 लाख का नुकसानः कृषि मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के कृषि, कृषि विपणन, कृषि प्रसंस्करण, कृषि शिक्षा, उद्यान एवं फलोद्योग एवं रेशम विकास मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में ओलावृष्टि और वर्षा से कृषि और उद्यान में होने वाले नुकसान के आकलन के सम्बन्ध में बैठक ली।

बैठक में जानकारी दी की ओलावृष्टि और वर्षा से कृषि और उद्यान में लगभग 26 करोड़ 34 लाख है के नुकसान की जानकारी मिली है। इनमें से 1 करोड़ 82 लाख का नुकसान देहरादून जनपद में हुआ है। इस सम्बन्ध में समस्त जनपदीय कृषि एवं उद्यान अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे ओलावृष्टि और वर्षा से होने वाले नुकसान की जानकारी सम्बन्धित एसडीएम के माध्यम से मण्डी को सूचना भेजें। इसके अतरिक्त फूल व्यवसायी एवं उत्पादकों को होने वाले नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है एवं नुकसान की भरपाई के लिए भारत सरकार को पत्र लिखा जायेगा। बैठक में रिवर्स पलायन करने वाले लोगों को रोजगार देने के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि विभिन्न सेक्टरों में योजनाऐं बनायी जायें। रोजगार एवं मार्केटिंग विपणन के लिए, हार्टिकल्चर मिशन एवं हार्टिकल्चर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा रिटेल आउटलेट स्थापना की जायेगी। इस हेतु केन्द्र सरकार से सब्सिडी ली जायेगी तथा राज्य सरकार अपना राज्यांश में भी वृद्वि करेगी।

# लॉकडाउन 3 के पहले ही दिन लॉकडाउन की धज्जियां

**चिंता**

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना के कहर से आमजन मानस पूरी तरह बेहाल है और इस फैलती महामारी को अपने परिवार से दूर रखने का प्रयास कर रहा है। हालांकि अन्य देशों के मुकाबले भारत में स्तिथि थोड़ी बेहतर हो, उत्तराखंड राज्य में भी शासन प्रशासन मुस्तेद है और हर सम्भव प्रयास कर कोरोना के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने का प्रयास जारी है लेकिन आलम यह है लॉक डाउन 3 के पहले ही दिन लॉकडाउन की धज्जियां उड़ती हुई दिखाई दी सड़कों पर गाड़ियां रेंगती हुई नजर आई पुलिस की स्तिथि पर काबू पाने के लिए भारी मशक्कत जारी रही और बेवजह घूमने वाली भीड़ पर कार्यवाही की गई।

हरिद्वार को रेड जोन, देहरादून, नैनीताल को ऑरेंज जोन में रखा गया | दून के घंटाघर का नजारा बेहद ही चिंताजनक नजर आया



लॉक डाउन 3 में सरकार ने भले ही ऑरेंज जॉन में कुछ दुकानें को सशर्त खुलने की छूट दी। उल्लेखनीय है देहरादून को ऑरेंज जोन में रखा गया है लेकिन सरकार के सख्त निर्देश हैं कि नियमों का सख्ती से पालन किया जाए बावजूद इसके देहरादून के घंटाघर का नजारा बेहद ही चिंताजनक नजर आया कुछ लोग सड़कों पर बेवजह घूमते हुए नजर आए तो कुछ लोगो द्वारा लॉक डाउन की सख्ती का मजाक उड़ाया गया दुकानों के बाहर सोशल डिस्टनसिंग के गोले नजर आये लेकिन लोग उसमें खड़े हुए नही ।।

लॉक डॉन 3 का प्रथम ही दिन पुलिस के लिए भी किसी बड़ी चुनौती से कम नही रहा सड़कों पर पुलिस बेवजह घूमने वाले को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। एसपी सिटी श्वेता चौबे, सी ओ सिटी शेखर सुयाल खुद सड़को पर स्तिथि को कंट्रोल करते हुये नजर आये लेकिन राजधानी के लोगो को मानो आज घर से निकलने की हरी झंडी मिल गई हो और कोरोना पर लोगो ने विजय पा ली हो।

ऑरेंज जॉन का पहला पहला ही दिन राजधानी के लिए कोरोना वायरस को न्यौता देता हुआ दिखाई दिया राजधानी में अकेले ही 33 मामले आने से पहले ही सरकार की चिंता कम नही थी की एक बार फिर लोगो के शिक्षित होने के बावजूद भी इस तरह के दृश्य ने राजधानी की सुरक्षा के साथ साथ उत्तराखंड की सुरक्षा पर भी सवाल लगा दिया है। लोगों की भीड़ ने कई सवाल खड़े कर दिए है।

सरकार द्वारा भले ही देहरादून को रियायतें दी हो और लोग भी जागरूक हो लेकिन जागरूक होने के बावजूद भी उसको न मानना सड़कों पर आदेशो की धज्जियां उड़ाना कही देहरादून को रेड जोन में न ले दे।

# शराब की दुकानों पर लगी लंबी कतार

**शशर्त**

■ ऑरेंज व ग्रीन जोन में सभी शराब की दुकानें सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक खोलने के आदेश

देहरादून। **संवाददाता**

सोमवार से लॉकडाउन 3 लागू हो गया है और इसी के साथ राज्य सरकार ने सभी गैर जरूरत प्रतिष्ठानों को भी शशर्त खोलने की इजाजत दी है (रेड जोन व हॉटस्पॉट क्षेत्रों को छोड़ के), जिसके फलस्वरूप सोमवार से प्रदेश के सभी जिलों में शराब की दुकानें खुल गयी है। देहरादून जनपद के कई मुख्य शराब की दुकानों के आगे लोगों को सुबह से लाईन में लगे हुए देखे गया है। हालांकि गौर करने वाली बात यह रही की सभी लोगों द्वारा दुकानों के आगे उचित दूरी पर बने गोले के भीतर व दुकान के आगे बल्लियों व डंडों की बेरिकेडिंग की सीमा रेखा के पार से ही शराब की बोतलें खरीदी गयी।



गौरतलब है कि लॉकडाउन 2 के दौरान गैर जरूरती प्रतिष्ठानो को खोलने के विषय में शहर के कई शराब व्यापारियों व प्रतिष्ठानों द्वारा राज्य सरकार से उन्हें भी नियमों में रियायतें देते हुए प्रतिष्ठानो को खोलने की मांग की जा रही थी। देश के आर्थिकी को पथ पर लाने के लिए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के ऑरेंज व ग्रीन जोन वाले क्षेत्रों व जिलों में कई जरूरी व गैर जरूरी प्रतिष्ठानो व दुकानों को खोलने की इजाजत दी है व कई सरकारी व निजी कार्यालयों को भी सीमित कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यालय खोलने की इजाजत दी है।

राज्य में शराब कारोबारियों को राहत देते हुए राज्य सरकार ने इस दौरान राज्य के सभी ऑरेंज व ग्रीन जोन में सभी शराब की दुकानें सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक खोलने के आदेश भी दे दिए है।

## लॉकडाउन खुलते ही सोनिया रसोई बन्द

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के निर्देश पर महानगर कांग्रेस कमेटी दून के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं द्वारा एमडीडीए चन्दर रोड़, अमन विहार, नेहरू कॉलानी, रांझावाला, चुक्खूवाला, मेहूवाला, बालावाला तथा कालिन्दी एन्क्लेव में लॉक डाउन के चलते गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंदों की भोजन व्यवस्था के लिए संचालित की जा रही सोनिया रसोई को सोमवार को लॉकडाउन खुलने पर बन्द कर दिया गया है। इस अवसर पर जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी में लगाये गये लॉकडाउन के चलते महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वयं के संसाधनों पर गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों के लिए चलाई जा रही सोनिया रसोई को बन्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस महामारी में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर गरीब, असहाय, मजदूर एवं जरूरतमंदों की मदद की जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।